राष्ट्रीय संस्करण
CopyRight - Jagran.com

मोर्गन के छक्कों की बारिश में धुला अफगानिस्तान

>> 12

दैनिक जागरण

वर्ष 3 अंक 9

मूल्य ₹5 .00, नई दिल्ली, बुधवार, 19 जून 2019

www.jagran.com

पृष्ठ 14

लोकतंत्र के प्रहरी

आपातकाल के 44 साल

पति गए जेल, पत्नी ने सब्जी बेचकर बच्चों को पाला

नई दिल्ली : आपातकाल के दौरान उत्तर-पूर्वी दिल्ली के घोंडा में रहने वाले लाल बिहारी तिवारी (78) को पुलिस ने रातों रात घर से उठाकर जेल में बंद कर दिया था। इस बीच घर की आर्थिक स्थिति इस कदर खराब हो गई कि उनकी पत्नी को परिवार चलाने के लिए सब्जियां तक बेचनी पड़ी। ● पेज 13

हमारी सरकार

थावरचंद गहलोत
सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री

संघर्ष से हार न मानने की अकूत ताकत ● पेज 5

विश्वास. News

इंडियन ऑयल के नाम पर वायरल हो रही है फर्जी चेतावनी ?

विश्वास न्यूज की पड़ताल ● पेज 7

सरोकार

नक्सल प्रभावित गांवों की आवाज बनीं पत्रकार दीदियां

लातेहार : झारखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में महिलाएं विकास की नई इबारत लिख रही हैं। डिजिटल लिटरेसी कार्यक्रम ने गांव की महिलाओं को न सिर्फ जागरूक किया है, बल्कि आर्थिक रूप से सशक्त भी बनाया है। इसके जरिये वह मोबाइल, टैबलेट व कंप्यूटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को आजीविका का जरिया बना रही हैं। इस बदलाव की वाहक कुछ पत्रकार दीदियां बनी हैं। (पेज-13)

क्रिकेट महाकुंभ
न्यूजीलैंड vs द. अफ्रीका
दोपहर 3:00 बजे से
स्थान : बर्मिंघम
स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क

अयोध्या आतंकी हमले में चार को आजीवन कारावास

न्याय ▶ रामजन्मभूमि परिसर में हमले के मामले में आया फैसला, नैनी सेंट्रल जेल में सजा का एलान, 60-60 हजार जुर्माना भी लगा

2005 में लश्कर आतंकियों ने ग्रेनेड और एके-47 से किया था हमला

जागरण संवाददाता, प्रयागराज

अयोध्या के रामजन्मभूमि परिसर में पांच जुलाई, 2005 को हुए आतंकी हमले के मुकदमे में मंगलवार को फैसला आ गया। प्रयागराज की विशेष अदालत ने नैनी सेंट्रल जेल में सुनवाई के बाद चार दोषियों डॉ. इरफान, मो. नसीम, शकील अहमद और आसिफ इकबाल उर्फ फारुख को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही 60-60 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। पुंछ निवासी मो. अजीज सुबूतों के आरोप में बरी हो गया।

> कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। इस घटना के एक अभियुक्त को न्यायालय द्वारा बरी किया गया है। सरकार इस संदर्भ में विधिक परीक्षण कराकर अपील करेगी।
> -योगी आदित्यनाथ, सीएम, उत्तर प्रदेश

विशेष न्यायाधीश दिनेश चंद्र दोपहर लगभग ढाई बजे जेल पहुंचे और दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद सजा का एलान किया। मामले में 14 पुलिसकर्मियों समेत 63 गवाहों ने बयान दर्ज कराए थे। सभी आरोपितों पर हमले की साजिश रचने, आतंकियों की मदद करने, हथियार मुहैया कराने के आरोप थे। 2006 में हाई कोर्ट के आदेश पर पांचों आरोपितों को फैजाबाद से नैनी जेल भेज दिया गया था। सुरक्षा कारणों से जेल में ही मुकदमे की सुनवाई हुई।

ऐसे रची साजिश: सरकार वकील ने कोर्ट में बताया कि नसीम ने पाकिस्तानी आतंकी कारी के कहने पर मोबाइल फोन का सिम खरीदा था। अजीज ने दस्तावेजों का सत्यापन किया था। मोहम्मद शकील की गाड़ी (जेके 12-0267) से पांच जून, 2005 को हमले के लिए हथियार और विस्फोटक अलीगढ़ लाए गए थे। अलीगढ़ में हथियार रखने के बाद सात जून, 2005 को वाहन जम्मू भेज दिया गया था। आसिफ इकबाल मुख्य आरोपी था। आतंकी कारी ने नसीम द्वारा खरीदा गया सिम आसिफ इकबाल को दिया था।

ढेर कर दिए गए थे पांच आतंकी पेज>>6

इन आतंकियों को हुई उम्रकैद

- **आसिफ इकबाल उर्फ फारुख पुत्र मो. बशीर निवासी सखी मैदान, थाना मेंडर जिला पुंछ, जम्मू।**
- **मो. नसीम पुत्र फिरोजदीन, निवासी डेरा मेंडर, थाना मेंडर, जिला पुंछ, जम्मू।**
- **शकील अहमद पुत्र नजीर अहमद, निवासी सखी मैदान, थाना मेंडर, जिला पुंछ, जम्मू।**
- **डॉ. इरफान पुत्र असलम खान, निवासी शेख जादगानान, कस्बा थाना तीतरो, सहारनपुर, उप्र।**

आसिफ इकबाल

मु. नसीम

शकील अहमद



डॉ. इरफान

सभी फाइल फोटो जागरण

कब क्या हुआ

- पांच जुलाई, 2005 : सुबह नौ बजे अयोध्या अधिग्रहीत परिसर पर आतंकी हमला, मुठभेड़ के बाद पांच आंतकी ढेर
- पांच जुलाई, 2005 : दोपहर दो बजे के करीब अयोध्या के रामजन्मभूमि थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई
- 22 जुलाई, 2005 : लश्कर के आतंकवादियों के मददगार डॉ. इरफान की गिरफ्तारी
- 28 जुलाई, 2005 : अन्य चार अभियुक्तों आसिफ इकबाल, मोहम्मद शकील, मोहम्मद अजीज और मोहम्मद नसीम की गिरफ्तारी
- 20 सितंबर, 2006 : मामले की सुनवाई फैजाबाद जिला सत्र न्यायालय से प्रयागराज विशेष न्यायालय में स्थानांतरित
- 11 जून, 2019 : दोनों पक्षों की बहस पर सुनवाई पूरी
- 18 जून, 2019 : विस्फोट के दोषियों को उम्रकैद की सजा

पुलवामा हमले का साजिशकर्ता अनंतनाग में साथी समेत ढेर

राज्य ब्यूरो, श्रीनगर

- **मुठभेड़ में मारा गया जैश कमांडर सज्जाद बट, हमले के लिए खरीदी थी कार**
- **आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक सैनिक भी शहीद**

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में मंगलवार को बिजबिहाड़ा में मुठभेड़ के दौरान आतंकियों का ठिकाना बना मकान ध्वस्त हो गया। प्रेट्र

पुलवामा हमले के मुख्य सूत्रधारों में शामिल जैश-ए-मुहम्मद के कुख्यात आतंकी सज्जाद अहमद बट को सुरक्षाबलों ने मंगलवार को उसके एक साथी के साथ मार गिराया। अनंतनाग के बिजबिहाड़ा में हुई इस मुठभेड़ में एक सैन्यकर्मी भी शहीद हुआ है, जबकि तीन जवान जख्मी हो गए। इस दौरान शरारती तत्वों ने पथराव भी किया। तनाव को देखते हुए मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। बता दें कि सज्जाद ने ही 14 फरवरी को पुलवामा हमले में इस्तेमाल हुई मारुति कार खरीदकर वाहन बम बनाने के लिए उपलब्ध कराई थी। इस हमले में 40 जवान शहीद हुए थे।

बिजबिहाड़ा के वागहामा गांव में आतंकियों के छिपे होने की सूचना पर सेना की तीन आरआर, सीआरपीएफ और राज्य पुलिस के विशेष अभियान दल ने तड़के तीन बजे घेराबंदी कर तलाशी शुरू की। जवानों को देख आतंकियों ने फायरिंग कर दी। मुठभेड़ के दौरान चार सैन्यकर्मी आतंकियों की फायरिंग की चपेट में आकर जख्मी हो गए। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां सैन्यकर्मी अनिल जस्वाल शहीद हो गए। अनिल हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के सरोह, चमियारी के निवासी थे।

सुबह करीब आठ बजे आतंकियों की तरफ से अंतिम गोली चली। इस दौरान जवाबी कार्रवाई में वहां छिपे दोनों आतंकी मारे गए। आतंकी ठिकाना बना मकान भी पूरी तरह ध्वस्त हो गया। मारे गए आतंकियों की पहचान सज्जाद अहमद बट और तौसीफ अहमद के रूप में हुई है। दोनों ही मरहामा संगम, बिजबिहाड़ा के रहने वाले थे। मुठभेड़स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद भी मिला है।

दक्षिण कश्मीर में जैश का आतंघाती माड्यूल खत्म : सेना की 15 कोर के जीओसी मेजर जनरल केजेएस ढिल्लो ने बताया कि 14 फरवरी को सीआरपीएफ काफिले पर हमले में इस्तेमाल कार का असली मालिक सज्जाद ही था। वह जैश के आत्मघाती दस्ते का सदस्य बन गया था। उसके साथ मारा गया आतंकी तौसीफ ही उसका हैंडलर था। तौसीफ पर सात लाख रुपये का इनाम था। इन दोनों के मारे जाने से दक्षिण कश्मीर में सक्रिय जैश का स्थानीय आतंकियों का आत्मघाती मॉड्यूल भी लगभग समाप्त हो गया है।

कौन था सज्जाद बट : सज्जाद अहमद बट जैश के आत्मघाती दस्ते का सदस्य था। वह गत 14 फरवरी को लिथपोरा पुलवामा में सीआरपीएफ काफिले पर वाहन बम हमले से चंद दिन पहले ही जैश का हिस्सा बना था। उसका कोड अफजल गुरु था। सज्जाद के पिता मोहम्मद मकबूल बट ने आतंकी बुरहान की मौत पर दक्षिण कश्मीर में हुए हिंसक प्रदर्शनों में सक्रिय भूमिका निभाई थी। वह इसी सिलसिले में 2017 में पकड़ा गया था।

पुलवामा में आतंकियों ने थाने पर ग्रेनेड से किया हमला, आठ जख्मी पेज>>6

ओम बिरला होंगे लोकसभा के नए अध्यक्ष

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

- **बतौर राजग प्रत्याशी दाखिल किया नामांकन, निर्वाचन पर आज मुहर**
- **बीजद, वाइएसआर कांग्रेस जैसे गैर राजग दलों ने भी किया समर्थन**
- **कांग्रेस और अन्य विरोधी दलों से भी मिल गया समर्थन**

भाजपा सांसद ओम बिड़ला। प्रेट्र

राजस्थान के कोटा से दूसरी बार सांसद ओम बिरला अब लोकसभा के नए अध्यक्ष होंगे। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) प्रत्याशी के रूप में उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया है। फिलहाल इस पद के लिए अब तक सिर्फ उन्हीं का नामांकन हुआ है। ऐसे में उनका चयन तय है। बावजूद इसके उनके नाम की अधिकृत घोषणा बुधवार को इस पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने के बाद होगी।

भाजपा ने अपनी रणनीति के तहत मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए ओम बिरला के नाम की घोषणा कर सभी को चौंका दिया। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पद के लिए ओम बिरला का नाम सुझाया है। इसके बाद पार्टी ने उनके नाम को अंतिम रूप दिया है। इस बीच, कांग्रेस और अन्य विरोधी दलों से भी उन्हें समर्थन मिल गया है। लोकसभा अध्यक्ष पद के राजग के प्रत्याशी ओम बिरला के नाम का 12 सदस्यों वाले बीजू जनता दल (बीजद) ने भी समर्थन किया है। लोकसभा में बीजद के नेता पिनाकी मिश्रा ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बीजद को उपाध्यक्ष पद मिलने के सवाल को टालते हुए कहा,फिलहाल सत्ताधारी दल की ओर से कोई प्रस्ताव नहीं मिला है। प्रस्ताव आएगा, तो पार्टी अध्यक्ष विचार करेंगे।

तीन बार विधायक व दो बार सांसद : राजनीतिक गलियारों में लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए ओम बिरला का नाम भले ही चौंकाने वाला रहा है, लेकिन संसदीय अनुभव उनके पास है। 57 वर्षीय बिरला तीन बार (2003, 2008 और 2013) राजस्थान विधानसभा के सदस्य रहे हैं। उन्होंने संसदीय सचिव की जिम्मेदारी भी संभाली है। वह लगातार दूसरी बार कोटा से जीतकर लोकसभा में पहुंचे हैं। उन्होंने कांग्रेस के रामनारायण मीणा को 2.5 लाख वोटों के अंतर से हराया था। बतौर सांसद उनकी सदन में उपस्थिति 86 फीसद रही। उन्होंने 671 सवाल पूछे और 163 संसदीय चर्चाओं में हिस्सा लिया। वर्ष 1991 से लेकर 12 सालों तक वह भाजयुमो के प्रमुख नेता रहे हैं। राज्य में वह भाजयुमो अध्यक्ष रहे हैं तो राष्ट्रीय स्तर पर उपाध्यक्ष का पद संभाला है। राजनीति के क्षेत्र में उन्हें सबको साथ लेकर चलने में माहिर माना जाता है। उन्होंने राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए जेल में यातनाएं भोगीं। माना जा रहा है कि वह लोकसभा अध्यक्ष के रूप में विपक्षी दलों को भी साधने में कामयाब रहेंगे।

राजस्थान को अहमियत भी वजह : बिरला के चयन को लेकर संदेश ढूंढने की कोशिश होगी। अगर चुनावी नतीजों की बात करें तो राजस्थान से पार्टी न सिर्फ सभी सीटें जीती बल्कि वोट भी करीब साठ फीसद था। फिलहाल राजस्थान से मोदी मंत्रिमंडल में तीन मंत्री हैं। ओम बिरला विजयी रहने पर आठ बार की सांसद और निवर्तमान लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन की जगह लेंगे। (पेज-3)

अधीर रंजन होंगे लोकसभा में कांग्रेस के नेता

नई दिल्ली, एएनआइ : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और बंगाल की बेहरामपुर सीट से पांचवीं बार सांसद बने अधीर रंजन चौधरी को लोकसभा में कांग्रेस के नेता पद के लिए नामित किया गया है। सोनिया गांधी के नेतृत्व में हुई बैठक में उनके नाम पर फैसला हुआ। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के पास सिर्फ 52 सांसद होने के नाते उसे लोकसभा में 'विपक्ष के नेता' का पद नहीं मिला है। पार्टी को इस पद के लिए कम से कम 55 सीटों की दरकार थी। (पेज-4)

मिड डे मील के साथ अब सालाना जांची जाएगी बच्चों की सेहत भी

अरविंद पांडेय, नई दिल्ली

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ मिलकर एक बड़ी योजना बनाई है। इसके तहत स्कूलों में पढ़ने वाले प्रत्येक बच्चे के स्वास्थ्य की अब साल में एक बार अनिवार्य रूप से जांच होगी। यह कवायद मिड-डे मील योजना के तहत संचालित होगी।

स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से चलाए जा रहे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के विस्तार के तहत अब इसे स्कूलों से भी जोड़ा जाएगा। मोबाइल हेल्थ टीम पहुंचकर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करेगी। इस दौरान स्वास्थ्य से जुड़ी करीब तीस तरह की गंभीर बीमारियों की जांच होगी। यह सुनिश्चित भी किया जाएगा कि इस जांच से एक भी बच्चा छूटे नहीं। स्कूली बच्चों में पढ़ाई के दौरान सामने आ रही तरह-तरह बीमारियों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। इसकी शुरुआत प्राथमिक स्कूलों से होगी। बाद में इसे 12 तक के स्कूलों में भी विस्तार दिया जाएगा। इस पूरी योजना में सरकारी और सहायता प्राप्त गैर-सरकारी स्कूलों दोनों ही शामिल किए गए हैं। बच्चों को रक्त की कमी से बचाने के लिए उन्हें नियमित रूप से आयरन और फोलिक एसिड की गोलियां दी जाएंगी।

स्कूलों में अनिवार्य रूप से मनेगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस : स्कूलों बच्चों को कृमि (पेट के कीड़े) और उससे पैदा होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए स्कूलों में हर साल अनिवार्य रूप से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाने के भी निर्देश दिए गए हैं। देश में हर साल 10 फरवरी को कृमि दिवस मनाया जाता है।

अब केंद्रीय उत्पाद शुल्क के 15 अफसरों की छुट्टी

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

- **भ्रष्टाचार और रिश्वत के आरोपित थे, तय समय से पहले रिटायर किए गए अधिकारी**

एक हफ्ते पहले दर्जनभर आयकर अफसरों की छुट्टी करने के बाद सरकार ने अब भ्रष्टाचार का सामना कर रहे सीमा शुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क के 15 अफसरों को जबरन सेवामुक्त कर दिया है। इन अफसरों में असिस्टेंट कमिश्नर से लेकर प्रिंसिपल कमिश्नर तक शामिल है।

वित्त मंत्रालय के आदेश के मुताबिक, फंडामेंटल रुल्स के रूल 56 (जे) के तहत सरकार ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआइसी) के इन अफसरों को हटाया है। इनमें से कुछ पहले से ही निलंबित थे। कुछ के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले दर्ज हैं जबकि कई अन्य पर रिश्वतखोरी, वसूली और आय से अधिक संपत्ति जमा करने के आरोप हैं। सेवा से मुक्त किए गए अफसरों में दिल्ली में तैनात सीबीआइसी के प्रिंसिपल एडीजी (ऑडिट) अनूप श्रीवास्तव भी शामिल हैं। श्रीवास्तव के खिलाफ सीबीआइ ने 1996 में एक हाउसिंग सोसायटी को फायदा पहुंचाने के संबंध में आपराधिक साजिश का केस दर्ज किया था। 2012 में भी अनूप के खिलाफ ड्यूटी चोरी के मामले में आयातक से घूस लेने का आरोप है। उन पर मनमाने ढंग से गिरफ्तारी, उत्पीड़न के भी आरोप है। संयुक्त आयुक्त नलिन कुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति समेत कई मामले दर्ज हैं। वित्त मंत्रालय के मुताबिक, इन अफसरों की आयु 50 साल हो गई है, इसलिए जनहित में इन्हें जबरन रिटायर किया गया है।'

कोलकाता में तैनात कमिश्नर संसार चंद भी कथित तौर पर रिश्वतखोरी में लिप्त था। चेन्नई के कमिश्नर जी. श्री हर्षा ने आय के ज्ञात स्रोतों से 2.24 करोड़ रुपये की संपत्ति जमा कर रखी थी। दोनों अफसरों को सीबीआइ ने गिरफ्तार किया था। निलंबन में चल रहे कमिश्नर रैंक के दो अधिकारी अतुल दीक्षित और विनय बृज सिंह को भी सेवा मुक्त किया गया है। हटाए गए अफसरों में दिल्ली जीएसटी जोन के डिप्टी कमिश्नर अमरेश जैन के पास आय से 1.55 करोड़ रुपये अधिक की संपत्ति है। सेवा मुक्त अन्य अफसरों में एडिशनल कमिश्नर अशोक महीदा (डीजी सिस्टम्स कोलकाता), एडिशनल कमिश्नर वीरेंद्र अग्रवाल, असिस्टेंट कमिश्नर एसएस पाबना (निलंबित), एसएस बिष्ट (भुवनेश्वर जीएसटी जोन), बिनोद सांगा (मुंबई जीएसटी जोन), राजू सेकर (विशाखापत्तनम जीएसटी जोन), मोहम्मद अल्ताफ (इलाहाबाद),डिप्टी कमिश्नर अशोक अस्वाल (लाजिस्टिक महानिदेशालय दिल्ली) शामिल हैं।

प्रख्यात वकील आनंद ग्रोवर के खिलाफ विदेशी चंदे के दुरुपयोग का केस दर्ज

नई दिल्ली, आइएएनएस/प्रेट्र : सीबीआइ ने प्रख्यात अधिवक्ता आनंद ग्रोवर और मुंबई स्थित उनके गैरसरकारी संगठन (एनजीओ) 'लॉयर्स कलेक्टिव' के खिलाफ 'फॉरेन कांट्रिब्यूशन रेग्यूलेशन एक्ट' (एफसीआरए) के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है। ग्रोवर पर विदेशी चंदे को हासिल करने में नियमों के उल्लंघन का आरोप है। ज्ञात हो, सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में विख्यात आनंद ग्रोवर पूर्व एडिशनल सॉलिसिटर जनरल और सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह के पति हैं।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने 13 जून को गृह मंत्रालय से इस संबंध में रिपोर्ट मिलने के बाद आनंद ग्रोवर के खिलाफ एफसीआरए, आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। गृह मंत्रालय के मुताबिक, ग्रोवर ने विदेशी चंदे का दुरुपयोग किया है। मंत्रालय की शिकायत के अनुसार, जो कि अब एफआइआर का भी हिस्सा है, एनजीओ ने वर्ष 2006-07 और 2014-15 के बीच 32.39 करोड़ रुपये का विदेशी चंदा हासिल किया था। इसमें कई अनियमितताएं बरती गईं। उपलब्ध जानकारी व एनजीओ के रिकार्ड की जांच से पता चला है कि एफसीआरए, 2010 के कई प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है। 19 से 23 जनवरी, वर्ष 2016 के बीच एनजीओ के दस्तावेजों और एकाउंट्स की जांच के बाद मंत्रालय से एनजीओ से सवाल भी किए लेकिन कोई सही जवाब नहीं मिला।

- **सीबीआइ ने गृह मंत्रालय की रिपोर्ट मिलने के बाद की कार्रवाई**

हटेगी शर्त

ट्रांसपोर्ट वाहन चालकों के लिए शैक्षिक योग्यता की शर्त हटाएगी सरकार, रोजगार बढ़ाने व ड्राइविंग में दक्ष अनपढ़ों को लाइसेंस देना मकसद

अब अनपढ़ भी ले सकेंगे ड्राइविंग लाइसेंस

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

सड़क हादसों में मरने वालों की बढ़ती संख्या के बावजूद सरकार ट्रांसपोर्ट वाहन लाइसेंस हासिल करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता की शर्त हटाने पर विचार कर रही है। अभी केंद्रीय मोटर यान नियमावली, 1989 के नियम आठ के तहत ड्राइविंग लाइसेंस हासिल करने के लिए उम्मीदवारों का कम से कम आठवीं पास होना जरूरी है। सरकार शीघ्र ही इसमें संशोधन की अधिसूचना जारी करने वाली है।

ड्राइविंग लाइसेंस के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता की शर्त समाप्त करने के पीछे सरकार की ओर से दो कारण बताए गए हैं। इनमें एक कारण है ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में युवाओं की बेरोजगारी दूर करने का, जो कुछ हद तक सही नजर आता है। लेकिन जो दूसरा कारण बताया गया है वो हैरान करने वाला है। सरकार का कहना है कि ड्राइवरों के लिए शैक्षिक योग्यता खत्म करने का सुझाव हरियाणा सरकार की ओर से दिया गया है। हरियाणा सरकार का कहना है कि मेवात क्षेत्र में ऐसे अनेक व्यक्ति हैं जो वाहन चलाना जानते हैं, लेकिन अनपढ़ होने के कारण उनका ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बन पाता। लिहाजा उनका डीएल बनवाने के लिए शैक्षणिक योग्यता की शर्त को हटाया जाना जरूरी है।

कुछ शर्तें भी होंगी : बहरहाल, शैक्षिक योग्यता की शर्त हटने से ड्राइवरों की ड्राइविंग कुशलता पर प्रतिकूल असर न पड़े इसे सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए कुछ अतिरिक्त शर्तें जोड़ने का फैसला किया है। इनमें एक शर्त ये है कि उम्मीदवार को ड्राइविंग टेस्ट देना जरूरी होगा। यही नहीं, ड्राइविंग का प्रशिक्षण प्रदान करने वाले स्कूल या प्रतिष्ठान को मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत यह सुनिश्चित करना होगा कि ड्राइवर को रोड साइन पढ़ने तथा ड्राइवर लॉग बुक भरने के अलावा ट्रक और ट्रेलर की जांच करने तथा यात्रा से पहले और बाद जरूरी रिकॉर्ड भरना आता है। इतना ही नहीं, उसमें कागजात में खामियों की समझ के साथ ही अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने तथा सुरक्षा संबंधी खतरों के बारे में सूचित करने का हुनर भी होना चाहिए।

सरकार का ये प्रस्ताव संशोधित मोटर वाहन बिल के प्रस्ताव को संसद में नए सिरे से पेश किए जाने से ठीक पहले फिर से सामने आया है। पिछली सरकार में भी इसे संशोधित मोटर बिल के जरिये लाया गया था। संसदीय समिति में भी इस पर चर्चा हुई थी और कुछ विपक्षी सदस्यों ने इस प्रस्ताव का विरोध किया था। विपक्ष के विरोध के कारण ही लोकसभा से पारित होने के बावजूद बिल राज्य सभा में जाकर अटक गया था और प्रवर समिति को भेजना पड़ा था। बाद में आम चुनाव की घोषणा होने के कारण बिल की वैधता खत्म हो गई थी। अब सरकार उस बिल को नए सिरे से संसद में पेश करने वाली है।

ट्रक चालकों की गलती से होते हैं सबसे ज्यादा सड़क हादसे

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : सबसे ज्यादा सड़क हादसे ड्राइवरों की गलती से होते हैं। यही वजह है कि परिवहन विशेषज्ञों ने ड्राइवरों के लिए शैक्षिक योग्यता समाप्त करने के प्रस्ताव पर हैरानी जताई है। उनका कहना है कि जिस तरह देश में गंभीर हादसे बढ़ रहे हैं, उसे देखते हुए सरकार को ऐसे कदमों से बचना चाहिए।

शैक्षणिक योग्यता खत्म करने के सरकार के प्रस्ताव पर इंटरनेशनल रोड फेडरेशन के अध्यक्ष केके कपिला ने कहा कि सरकार को संयुक्त राष्ट्र में किए वादे के अनुसार सड़क हादसों और मौतों में कमी लाने के लिए ठोस उपाय करना चाहिए। इंडियन फाउंडेशन ऑफ ट्रांसपोर्ट रिसर्च एंड ट्रेनिंग के संयोजक एसपी सिंह ने भी सरकार के प्रस्ताव को विपरीत दिशा में उठाया गया कदम बताया है। उनके मुताबिक चूंकि गाड़ियों के मैकेनिज्म के साथ कागजी प्रक्रियाएं जटिल व डिजिटल हो गई हैं। ऐसे में ड्राइवरों का पर्याप्त शिक्षित होना जरूरी है। इसलिए सरकार को शैक्षणिक योग्यता बढ़ाने के साथ ट्रांसपोर्ट वर्कर्स एक्ट को भी लागू करना चाहिए, ताकि ड्राइवरों का वेतन बढ़े। इससे पढ़े-लिखे बेरोजगार युवा इस क्षेत्र में आने को प्रेरित होंगे।

ड्राइवरों की चूक से सर्वाधिक हादसे : वर्ष 2017 में देश में कुल 4,64,910 सड़क हादसों में 1,47,913 लोग मारे गए थे और 4,70,975 लोग घायल हुए थे। सबसे ज्यादा 84 फीसद सड़क हादसे ड्राइवरों खासकर वैध लाइसेंसधारी ड्राइवरों की गलती से होते हैं। इनमें भी 21 फीसद हादसों का संबंध ट्रक, टेंपो और ट्रैक्टर चालकों से होता है। दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण तेज रफ्तार में गाड़ी चलाना है। बढ़िया सड़कों और तुरंत स्पीड पकड़ने वाली गाड़ियों के कारण ऐसे हादसे तेजी बढ़ रहे हैं।

YOUR DREAM, OUR MISSION
YOUTH DESTINATION
IAS • PCS
सामान्य अध्ययन
निःशुल्क कार्यशाला से वैध प्रारंभ
21 June
ONLINE/ LIVE CLASS AVAILABLE
11:30 AM
"अपने सपनों को करें साकार, भारत के विशिष्ट एवं बेहतरीन अध्यापकों के साथ"
& YOUTH DESTINATION TEAM
लोक प्रशासन & ETHICS
19 June 9:00 AM
25 June 3:30 PM
By अभय कुमार सर ONLINE/ LIVE CLASS AVAILABLE
वैकल्पिक विषय
इतिहास
By रजनीश राज सर
17 June 6:00 PM
24 June 8:30AM
9811334434, 9811334480
web : www.youthdestination.in | youtube: youthdestinationias | FB: youthdestinationias
639, DR. MUKHERJEE NAGAR, OPP. SIGNATURE APARTMENT , DELHI-110009